**लोक सभा अध्यक्ष ने 100 फीट लंबा राष्ट्रीय ध्वज फहराया**

**हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारी एकता और शक्ति का प्रतीक है : लोक सभा अध्यक्ष**

**बस्ती के लोगों के उत्साह और देशभक्ति की भावना से अभिभूत हूं : श्री ओम बिरला**

**नई दिल्ली, 20 फरवरी 2021:** बस्ती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने के लिए बस्ती की ओर जाते हुए लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने शास्त्री पार्क में 100 फीट लंबा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस ध्वज को बस्ती में शिखर दिवस समारोह के भाग के रूप में फहराया गया। स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर श्री बिरला ने आयोजकों और स्वयंसेवकों के उत्साह और देशभक्ति की भावना की सराहना की और कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारी एकता और शक्ति का प्रतीक है । पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद, श्री राधा मोहन सिंह; संसद सदस्य श्री जगदंबिका पाल, श्री रवि किशन, श्री हरीश द्विवेदी और श्री पंकज चौधरी ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई।